प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 30.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सफल सचालन के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध–प्रतिदिन एक नया संकल्प लिया जायेगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राज्य सरकार अपनी पहली वर्षगांठ पर एक साल के कार्यकाल का लेखाजोखा पेश करेगी–गरीब, किसान, महिला और युवाओं को सौगाते देंगी।
- जयपुर में आज से फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन–देश भर के 56 शीर्ष दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।
- प्रदेश में सर्दी का असर बढ़ा–कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट।

..........................

राज्य में 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सफल संचालन के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। इसके सफल संचालन के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि समिट को सफल बनाने के लिए आगामी दस दिनों तक प्रतिदिन एक नया संकल्प लिया जायेगा। कल बैठक के दौरान श्री शर्मा ने दूसरा संकल्प लेते हुए कहा कि ये समिट हमारे परंपरागत हस्तशिल्प दुनिया को हमारी समृद्ध संस्कृति का परिचय देंगी और प्रदेश की गौरवशाली संस्कृति को उजागर करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की प्रसिद्ध थेवा कला, मीनाकारी, ब्लू पॉट्री, बंधेज सहित विभिन्न हस्तशिल्प देश–दुनिया में विशेष पहचान रखते हैं। राज्य सरकार प्रदेश के हस्तशिल्प कारीगरों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और हस्तशिल्प कला को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि समिट के आयोजन से राज्य में औद्योगिक क्षेत्र को नई उंचाई मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी 5 वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर की बनाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

..........................

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर प्रदेश के जिलों में जिलास्तरीय इन्वेस्टर मीट आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में कल टोंक में इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया गया। जिले के कृषि ऑडिटोरियम में हुए इस मीट में 82 एमओयू हुए, जिसमें करीब 2 हजार 525 करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश की संभावनाएं है। वहीं इन समझौतो से सात हज़ार लोगो को रोजगार भी मिलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन ऊर्जा और जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने किया। इस दौरान जिले के औद्योगिक परिवेश और उद्योग व्यापार पर आधारित डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

..........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अपनी पहली वर्षगांठ पर गरीब, किसान, महिला और युवा सहित राज्य के सभी वर्गों को विभिन्न सौगातें देने जा रही है। इस अवसर पर सरकार प्रदेश की जनता को अपने एक साल के कार्यकाल का लेखा–जोखा भी देगी। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ विकसित राजस्थान के सफर पर तेजी से अग्रसर हैं। हमने संकल्प पत्र के लगभग 50 प्रतिशत वादे कार्यकाल के पहले साल में ही पूरे कर दिए है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा कल प्रदेश सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

..........................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल अजमेर जिले के पंचशील नगर में 4 करोड़ रूपये से ज्यादा की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अजयसर में लेपर्ड सफारी विकसित की जाएगी और चामुण्डा माता मन्दिर तक रोपे वे बनाया जाएगा। यातायात को पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए 50 इलेक्ट्रीक बसें चलाई जाएगी।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज और कल ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। तीन दिन के इस सम्मेलन का कल केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्घाटन किया। यह सम्मेलन देश में वरिष्ठ पुलिस पेशेवरों और सुरक्षा से सम्बद्ध प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श के लिए मंच उपलब्ध कराता है। सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, आतंकवाद से निपटने, नए आपराधिक कानून और मादक पदार्थों की तस्करी सहित राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

..........................

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से जयपुर में आज से फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर टूर्नामेंट आयोजित हो रहा है। इस नेशनल लेवल के टूर्नामेंट में देश भर के 56 शीर्ष दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ज्योत्सना चौधरी ने बताया कि इस टूर्नामेन्ट में 20 सदस्यीय इंडियन नेशनल फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट टीम में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे। चयनित टीम 14 जनवरी से श्रीलंका में आयोजित होने वाली फोर नेशंस क्वाड्रीलेटरल सीरीज़ में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। जिसमें भारत, यूके, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड  के तत्वावधान में डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया और फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें आरडीसीए मेजबान संघ है। उन्होंने बताया कि 4 दिवसीय इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 लीग मैच के साथ एक फाइनल मैच खेला जायेगा।

..........................

केन्द्रीय कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने कहा है कि कपड़ा उद्योग में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कल नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि सरकार की समर्थ योजना से तीन लाख 60 हजार महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। यह पहल कपड़ा उद्योग में रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। श्री मार्गेरिटा ने बताया कि इस योजना में 88 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। कपड़ा क्षेत्र, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है, जो इस समय साढे चार करोड़ लोगों को रोजगार दे रहा है। वर्ष  2030 तक 10 करोड़ लोगों को रोजगार मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में दो लाख करोड़ रूपये के खर्च से पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू की गई है, इसका उद्देश्य एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान करना है।

..........................

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में 3 और 4 दिसम्बर को राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। महिला नेतृत्व और निर्णय–निर्धारण में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ये सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन डीआरडीओ की महानिदेशक डॉ. चंद्रिका कौशिक करेंगी। सम्मेलन में राज्य की  पूर्व मुख्य सचिव आईएएस उषा शर्मा मौजूद रहेंगी। सम्मेलन में कई शोध पत्र भी पढे जायेंगे।

..........................

जोधपुर में कल जिले में स्थाईवास की सुविधा पर निवासरत पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इसके लिए डॉ एस एन मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 24 लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र और 60 लोगों को नागरिकता स्वीकृती पत्र जारी किए गए। नागरिकता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लोगों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

..........................

प्रदेश में सर्दी का असर तेज होने लगा है। पिछले 24 घंटों में राज्य के विभिन्न जिलो में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। भरतपुर, सवाईमाधोपुर और टोंक में तापमान में गिरावट के साथ ही ठंड और गलन का ऐहसास बढ गया है। वहीं पाली में भी तापमान में गिरावट के कारण सुबह और रात को सर्दी का असर बढ गया हैं, जिससे लोगों की दिनचर्या पर भी प्रभाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को राज्य में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। आगामी दिनों में मौसम के शुष्क रहने से पारे में और गिरावट आने की संभावना है। राजधानी जयपुर में भी सर्दी का असर बढ गया है। यहां भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई हैं। माउंटआबू में तेज सर्दी का असर बरकरार है। माउंटआबू में तेज सर्दी के बावजूद सैलानियों से पर्यटन स्थल गुलजार हैं।

..........................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 दिसम्बर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव 2024 का उद्‌घाटन करेंगे। इस महोत्सव में पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और शिल्प संपदा का प्रदर्शन किया जाएगा।

..........................